विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





।। जय श्री जलाराम।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लेट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 16 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 333, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## लोहारीडीह में ग्रामीणों ने उप सरपंच को बंधक बनाकर घर में लगाया आग ,मौत , 80 लोगो की गिरफ्तारी



**राजनांदगांव। ( नादगांव टाइम्स )।** बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल के रेंगाखार क्षेत्र के लोहारीडीह एक सनसनी खेज वारदात सामने आया है।जिसमें एक युवक के मौत के बाद गांव में दहशत व आक्रोश का माहौल बन गया युवक की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने घर में आग लगा दी घर में सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया सिलेंडर के ब्लास्ट होने से गांव में भाई और दहेज का वातावरण बना हुआ है। हद तो तब हो गई जब गांव में ग्रामीण पुलिस वालों को घुसने नहीं दे रहे हैं ।

**क्या है मामला**

गांव के बाहर सैकड़ो की संख्या में पुलिस बल तैनात हो गई है और मामले को सुलझाने की दिशा में काम कर रही है पुलिस के सभी बड़े अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

**क्या है मामला**

घटना के विषय में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना बोड़ला विकासखंड के ग्राम पंचायत लोहारी डीह की है जिसमें शिव प्रसाद साहू उर्फ कचरू नाम का युवक कल शनिवार को दोपहर बाद गांव की सीमा से लगे मध्य प्रदेश के बिरसा थाना के अंतर्गत ग्राम दमोह घूमने गया था इस दौरान वह देर रात तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने युवक की खोज भी रात में तो युवक का पता नहीं चला लेकिन सवेरे दमोह से लोहारीडीह लौटने के बीच के रास्ते में रेलवाही के पास बीजाटोला में युवक की पेड़ में लटकी लाश मिली।

गांव वालों के अनुसार हत्या का मामला

**मौत की खबर से मचा बवाल**

युवक की मौत की खबर से लोहारीडीह में बवाल मच गया ग्रामीणों में सनसनी व आक्रोश फैल गया लोगों को सहसा यकीन नहीं हुआ कि ऐसी घटना घट गई है । पेड़ पर लटका युवक के लाश को देखकर ग्रामीण युवक की हत्या की आशंका जाहिर करने लगे ग्रामीण शव के पास एकत्रित होकर इसे आत्महत्या के बजाए हत्या का आरोप लगा रहें हैं और गांव के ही आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर मप्र के रेलवाही में पेड़ में टँगे शव को पंचनामा आदि नहीं करने दिया

**संदेही के घर में लगाई आग**

युवक की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने संदेही युवक के घर में बड़ी संख्या में पहुंचकर आग लगा दी जिससे घर में रखा सिलेंडर फूट गया। सिलेंडर फूटने ही गांव में दहशत का माहौल बन गया

**घटनास्थल पर पहुंची पुलिस**

घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची हुई है,लेकिन गांव वाले पुलिस को भीतर गांव के भीतर नहीं जाने दे रहे हैं। घटनास्थल पर पुलिस के आल्हा अधिकारी मौजूद है और गांव वालों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो गांव वाले पुलिस अधीक्षक को भी घेर कर रख दिए थे

**गांव बना छावनी**

घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस तो पहुंच गई थी लेकिन संख्या बल कम होने के कारण व गांव में घर में लगे आपको बुझाने वह गांव के अंदर स्थिति का आकलन नहीं लग पा रही थी इस बात की सूचना स्थानी पुलिस ने उच्च अधिकारियों को दी घटना तत्काल उच्च अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया ऐसे में ग्रामीण और पुलिस के बीच में झड़प की स्थिति भी बनी सूत्रों के हवाले में पुलिस अधीक्षक को को बंधक बनाने का भी प्रयास किया इसके बाद घटनास्थल पर सैकड़ो की संख्या में पुलिस बल पहुंची और गांव में घुसकर गांव की स्थिति का ज्यादा लेते हुए घर में लगे आपको बुझाने के प्रयास में लग गई

**जमीन विवाद का था मामला**

सूत्रों के अनुसार लोहरिडीह निवासी कचरू उर्फ शिव प्रसाद साहू का किसी के साथ जमीन को लेकर विवाद था जिसे लेकर ही ग्रामीण वह उसके परिजन उसकी हत्या की आशंका जाहिर कर रहे हालांकि यह सब बातें अभी पुलिस की जांच के बाद साफहो पाएगी

**चार लोगों को बनाया बंधक उपसरपंच की हुई मौत**

घटना के विषय में पुलिस के अधिकारी पुष्पेंद्र बघेल ने बताया कि युवक की मौत से उपजे विवाद के चलते हुए घटना में ग्रामीणों ने चार लोगों को बंधक बनाकर उपसरपंच रघु नाथ साहू के घर मे आग लगा दी जिससे घटना में उपसरपंच रघुनाथ साहू की मौत हो जाने की जानकारी मिल रही है साथ ही चार लोग घायल है जिन्हें अस्पताल में उचित इलाज के लिए पहुंचा दिया गया आगजनी की घटना से लाखों रुपए का नुकसान का आकलन किया जा रहा।



**80 लोगों की गिरफ्तारी**

ग्राम लोहारीडीह में ग्रामीणों के द्वारा रघुनाथ साहू के घर में आगजनी की घटना को अंजाम देने व ग्रामीण और पुलिस के बीच हुए झड़प के बाद पुलिस ने लगभग 80 लोगों को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की है और घटना की जांच में पुलिस जुड़ गई है गांव में अभी भी आक्रोश व तनाव का माहौल बना हुआ है।

## नितिन गडकरी के प्रधानमंत्री बनने के ऑफर पर सीएम साय का बयान, कहा- आलाकमान तय करता है जिम्मेदारी




धीरज तिवारी

**रायपुर।** केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री पद का ऑफर मिलने वाले बयान पर राजनीति गलियारे में खूब चर्चा हो रही है. गडकरी के इस बयान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता को क्या करना है. किस कार्यकर्ता को क्या जिम्मेदारी सौंपी जाएगी. इसे आलाकमान तय करता है. मुख्यमंत्री म.प्र.दौरे के रवानगी से पहले उन्होंने पत्रकारों से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के पिता के निधन के चलते वे उज्जैन जा रहे हैं. वे तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके बाद मुख्यमंत्री साय गुजरात के अहमदाबाद जाएंगे, जहां वे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो में शामिल होंगे. इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित रहेंगे. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम साय ने कहा, च्अरविंद केजरीवाल को क्या करना है, और क्या नहीं करना है, वो उनका निर्णय है.

## साउंड सिस्टम की तेज आवाज से त्रस्त होकर अधेड़ ने लगाई फांसी

### गणेश पंडाल पर तेज आवाज में बजाया जा रहा था साउंड सिस्टम

### मना करने पर गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष ने किया था विवाद, सुसाइड नोट में लिखा नाम

**भिलाई ।** हथखोज के शीतला पारा में साउंड सिस्टम की तेज आवाज से त्रस्त होकर धन्नू लाल साहू (55) ने आत्महत्या कर ली। धन्नू लाल ने समिति के लोगों से कम आवाज में साउंड सिस्टम बजाने की मिन्नतें भी की थी, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी। उल्टे समिति के अध्यक्ष गोल्डी वर्मा ने विवाद शुरू कर दिया और उसके मुंह पर साउंड सिस्टम बजाने के लिए एसडीएम से मिली अनुमति की कापी फेंक दी। इस बात से दुखी होकर अधेड़ ने फांसी लगा ली और एक सुसाइड नोट छोड़ा है। जिसमें उसने गोल्डी वर्मा को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है।



जानकारी के अनुसार धन्नू लाल साहू के घर के ठीक सामने गणेश पंडाल बनाया गया है। वहां पर रोजाना तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाया जाता है। तीन दिन पहले भी धन्नू लाल साहू व मोहल्ले के कुछ बुजुर्गों ने गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारियों से मिलकर कम आवाज में साउंड सिस्टम बजाने के लिए कहा था। इस पर समिति के अध्यक्ष गोल्डी वर्मा ने आवाज कम करने से मना कर दिया था। शनिवार की रात को भी जब तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाया जा रहा था तो धन्नू लाल साहू ने आपत्ति की। इस पर विवाद शुरू हो गया। डायल 112 को फोन पर करने पर पुलिस मौके पर पहुंची और साउंड सिस्टम को बंद करवा दिया। इसके बाद दोनों पक्ष के लोग थाना पहुंचे। जहां पर धन्नू लाल साहू ने अपनी परेशानी बताते हुए शिकायत की, लेकिन बाद में मोहल्ले वालों की मध्यस्थता के चलते वहां समझौता करवा दिया गया। देर रात वहां से वापस लौटने के बाद गोल्डी वर्मा ने धन्नू लाल साहू के मुंह पर एसडीएम से मिली अनुमति की कापी फेंकते हुए कहा कि उसे साउंड सिस्टम बजाने की अनुमति मिली हुई है और वो तेज आवाज में ही साउंड सिस्टम बजाएगा। रात तीन बजे तक बहस चला। इसके बाद सभी लोग अपने अपने घर चले गए और धून्न लाल ने अपने घर पर जाकर फांसी लगा ली। सुसाइड नोट में लिखा, गोल्डी वर्मा से प्रताड़ित हूं धन्नू लाल साहू ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं गोल्डी वर्मा से काफी प्रताड़ित और परेशान हूं। मेरी मौत का जिम्मेदार वो ही और उसे सजा मिलनी चाहिए। साथ ही उसने अपने भतीजों को प्यार लिखा है। मृतक के बेटे नेतराम साहू ने चेतावनी दी है कि यदि गोल्डी वर्मा के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती तो मोहल्ले वालों के साथ मिलकर वो थाना घेराव करेंगे।

> तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाने की जानकारी मिलने पर पुलिस वहां पहुंची थी और उसे बंद करवा दिया था। थाना में दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया था। सुसाइड नोट मिला है और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।
>
> **हरीश पाटिल, सीएसपी छावनी**

## सेवानगर रेलवे कालोनी में विराजे गणपति

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री रघुनंदन भक्त युवा समिति के द्वारा सेवा नगर रेलवे कॉलोनी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी में गणेश जी की प्रतिमा विराजमान की गई है , जहां पूर्ण भक्ति भाव के



साथ पूजा अर्चना की जा रही है शहर से भी भारी मात्रा में दर्शनार्थी सेवा नगरचा राजा गणेश जी के दर्शन करने के लिए आ रहे हैं यहां प्रत्येक दिन एक नया आयोजन किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक दिन महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है श्री रघुनंदन भक्त युवा समिति के द्वारा आयोजित इस गणेश उत्सव में भक्ति भाव देखते ही बनती है। इस अवसर पर समिति के शुभम परिहार, मनीष समुंद्रे, हिमांशु (डिंपी) डकहा,रोहित समुंद्रे , लक्की करसे,राहुल करसे, ऋषभ डकहा, अभय डकहा, सौरभ समुंद्रे,अंकित समुंद्रे,सुजल गोइकर ,अश्मित समुंद्रे सहित गणेशभक्त उपस्थित रहे।

## शासकीय मेडिकल कॉलेज में एक कोविड पॉजेटिव , स्वाइन फ्लू मरीजों की संख्या 3 हुई






**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय मेडिकल कॉलेज में एक कोविड पॉजेटिव मरीज भर्ती,स्वाइन फ्लू का एक और मरीज भर्ती, स्वाइन फ्लू मरीजों की संख्या 3 हुई। संक्रमण तेजी से फैल रहा है। आने वाले 2 दिनों में ईद और गणेश विसर्जन झांकी के लिए लाखों की भीड़ शहर में मौजूद रहेंगी, ऐसे में शासन-प्रशासन को संक्रमण फैलने से रोकने के लिए दिशा-निर्देश (गाइड -लाइन)जारी करना चाहिए।

## आई.बी. ग्रुप द्वारा रक्तदान, दांत, आंख व स्त्री रोग परीक्षण शिविर का आयोजन संपन्न



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी की अग्रणी उद्याचल, अभियान संस्था व शासकीय मेडिकल कॉलेज के सहयोग से आज अमलीडीह टोलागांव डोंगरगाव में स्थित एबिस कंपनी के सोयाबीन सॉल्वेंट प्लांट में संस्कारधानी शहर की अग्रणी समाज सेवी संस्था उद्याचल, अभियान एवं शासकीय मेडिकल कॉलेज के सहयोग से वृहद पैमाने पर रक्तदान, दंत, एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा संयंत्र के सभी श्रमिकों एवं आसपास के ग्रामीणजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उक्त शिविर में लगभग 37 श्रमिक बंधु लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर श्रमिक बंधुओं के साथ ही आई.बी.ग्रुप के डायरेक्टर अंजुम अल्वी के पुत्र अनस अल्वी एवं भाभी श्रीमती नीलोफर गजनफर खान ने भी रक्तदान किया। उक्त रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की आयोजक अभियान संस्था की अध्यक्ष डॉ रूबीना अल्वी थी जो स्वयं अभी तक



जरूरतमंद मरीजों के लिए जिला चिकित्सालय में 27 बार रक्तदान कर चुकी है इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का संयंत्र व आसपास के ग्रामीणजनों द्वारा भरपूर लाभ उठाया गया। भविष्य में भी इस तरह के शिविर लगाये जायेंगे।

## 40वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पु. बल द्वारा डोंगरगढ़ में स्वच्छता ही सेवा-2024 का आयोजन

**डोंगरगढ ( नांदगांव टाइम्स )।** 40 वी भा0टी0सी0पु0 बल के अनन्त नारायण दत्ता, कमाण्डेंट, 40वीं वाहिनी भा.ति.सी.पु.बल के कुशल नेतृत्व में सामरिक मुख्यालय, 40वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पु. बल डोंगरगढ़ द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' थीम के तहत सफाई अभियान शुरूआत सभी पदाधिकारियों को स्वच्छता की शपथ देकर की। इसके पश्चात् जागरूकता रैली निकालते हुए श्री मूछ वाले हनुमान मंदिर के प्रांगण में साफ-सफाई किया गया। जिसमें 40वीं वाहिनी के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान आईटीबीपी के सभी पदाधिकारियों ने श्री मूंछ वाले हनुमान मंदिर परिसर एवं महावीर तालाब के रामघाट एवं लक्ष्मणघाट पर साफ-सफाई की तथा स्थानीय लोगों को अपने गाँव व आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर



40वीं वाहिनी आईटीबीपी के कमाडेंट श्री ए.एन. दत्ता ने बताया कि 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर वर्ष 2014 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होनें कहा कि स्वच्छ समाज के लिये स्वच्छता बहुत जरूरी है। यह केवल अभियान के समय ही नहीं, बल्कि हमें इसे निरंतर अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से लागु करने की आवश्यकता है। श्री ए.एन. दत्ता, कमाण्डेंट, 40वीं वाहिनी द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं तालाब के रामघाट एवं लक्ष्मणघाट पर उपस्थित स्थानीय लोगों को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को नियमित रूप से शामिल करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही उन्होनें सभी स्थानीय लोगों से अपने गाँव व वातावरण को सुंदर एवं स्वच्छ रखने की अपील की। इस स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में आईटीबीपी के श्री तरूण कुमार बंजारी, द्वितीय कमान, श्री संतोष कुमार सिंह, सहायक सेनानी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षक नीलकंठ कोमरे को राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त होने पर सिरलगढ़ ग्रामवासी ने भव्य स्वागत किए

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों ने दिया न्योता भोज

**अम्बागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षक नीलकंठ कोमरे को राज्यपाल पुरस्कार एवं शिक्षक योगेंद्र कुमार देवांगन को शिक्षादूत शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़, विकास खण्ड अम्बागढ़ चौकी, जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी सम्मान प्राप्त होने शाला समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा भव्य स्वागत किए एवं श्रीफल ,शॉल भेंट किए। शिक्षक द्वारा न्योता भोज कराए गए।डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती 5 सितंबर शिक्षक दिवस हर शिक्षक के लिए अपने आप में खास और गौरवमयी होता है द्य इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़ के शिक्षकों ने न्योता भोज दिया द्य न्योता भोज में खीर - पुरी,मिठाई,सलाद, पापड़, पनीर मटर, बरबटी,आलू ,दाल व फल प्रदान कर समुदाय को न्योता भोज देने के लिए प्रेरित किया। नीलकंठ कोमरे ने बताया कि दरअसल न्योता भोज बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन देने की पहल है द्ययह प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत अतिरिक्त पोषण आहार देने की सुविधा का हिस्सा है द्य इसमें कोई भी इच्छुक दानदाता अपनी ओर से मध्यान्ह भोजन के समय इस तरह से पूरक पोषण आहार दे सकता है द्य न्योता भोज की परंपरा शुरू होने से बच्चों की उपस्थिति में काफी सुधार हुआ है एवं



अतिरिक्त पोषण आहार भी बच्चों को मिलने लगा है जिससे कुपोषण की दर में धीरे-धीरे कमी आई है द्य शिक्षक नीलकंठ कोमरे एवं योगेंद्र देवांगन का सोच है कि न्योता भोज योजना का लाभ अधिक से अधिक बच्चों को दिलाया जाए इसके लिए उन्होंने स्टाफ, पालक व ग्रामवासियों को प्रत्येक बैठक में चर्चा कर योजना का लाभ दिलाते हैं द्य आज सिरलगढ़ में प्रत्येक पालक एवं समिति अपने बच्चों के जन्मदिन पर न्योता भोज दे रहे हैं जिससे बच्चों के शारीरिक ,मानसिक एवं बौद्धिक विकास हो पा रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़ में संकुल स्तरीय शिक्षक दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था द्य इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक श्री नीलकंठ कोमरे एवं मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण अंतर्गत शिक्षादूत सम्मान से सम्मानित श्री योगेंद्र कुमार देवांगन का समस्त अतिथियों शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों पालकों एवं ग्राम वासियों ने तथा संकुल से आए हुए शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया द्य इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमान किशोर कुमार जुरेशिया, कार्यक्रम के अध्यक्षता की संकुल प्राचार्य श्री जितेंद्र साव, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री कुलदीप कुर्रे, संकुल समन्वयक श्री लेख राम ठाकुर श्रीमती दीपक कुम्भज भास्कर ठाकुर सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं सहित समिति के सदस्यगण,पालकगण एवं ग्रामवासीगण उपस्थित रहे है ।

## मोखला स्कूल में वृक्षारोपण अभियान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवम् प्राथमिक शाला मोखला,संकुल भर्रेगांव में शाला प्रबंध समिति एवम् शाला परिवार के द्वारा एक पेड़ मां के नाम एवम् एक सदस्य एक पेड़ अभियान के अंतर्गत नदी किनारे वृक्षारोपण किया गया। शाला प्रबंध समिति, शिक्षकगण ,इको क्लब एवम् छात्राओं द्वारा 75 पौधा लगाया गया जिसमे आम, जामुन ,नीम, करंज, कटहल, गुलमोहर, शीसम, बादाम, अमरूद, आंवला,अशोक, नींबू, अनार, अंजीर तथा अन्य पौधो का रोपण किया गया एवम् संरक्षण का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर संस्था प्रमुख जे. एल.साहू(प्रा. शा.), डी.के.चंद्राकर(मा. शा.), एसएमसी अध्यक्ष देवकुमार साहू,(मा.शा) महेंद्र निषाद( प्रा. शा.)अमरीका साहू( सरपंच),संगीता(उपाध्यक्ष),मिलन दास ( पंचा.सचिव)रूखमणी ,जिनेश्वरी, पुष्पा,नगीना,ज्योति, हेमा,संगीता, डी.डी.साहू,उमेश, तुलदास, घनश्याम,टिकेश्वर, नारद, मनोज, तेजराम, तोरण, अनुसुईया, देवकुमार, पीयांका, कल्पना, शिक्षकगण डी . के.नामदेव, डी. सी.साहू, प्रीति चतुर्वेदी, यामिनी ठाकुर एवम् छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।



## पेट्रोल पंप के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए खुज्जी विधायक भोलाराम साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अरसीटोला (कोकपुर ) में शिवम सिन्हा सर्विसेस पेट्रोल पंप का विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खुज्जी विधायक माननीय श्री भोलाराम साहू,राजकुमारी सिन्हा, मनोज सिन्हा,तरुण सिन्हा,नरेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू जी ने परिवार जन सहित समस्त क्षेत्र वासियों का बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।



## जनहित में कान फोड़ू डीजे धुमाल के बिना झांकी निकालकर नई परम्परा की शुरुआत करें - योगेश अग्रवाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विसर्जन झांकियों सहित विभिन्न जुलूसों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में बजाये जाने वाले जानलेवा म्यूज़िक सिस्टम पर नियन्त्रण करने के लिये उच्च न्यायालय व पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का सूचना के अधिकार अधिनियम के स्टेट रिसोर्स पर्सन योगेश अग्रवाल ने स्वागत किया है। विभिन्न समितियों सहित सभी नागरिकों से श्री अग्रवाल ने अपील की है कि खुशी,और उत्साह को सार्वजनिक रूप से व्यक्त करने के लिये संगीत के नाम पर भयानक शोर पैदा करने वाले जानलेवा और भड़काऊ म्यूज़िक सिस्टम से आम आदमी को राहत देने वाले न्यायालीन आदेशों का पालन करके हम सभी अपनी ही बस्ती, गांव और शहर से सुकून देने वाली एक नई परम्परा की शुरुआत करें। उन्होने आगे कहा कि यह तभी संभव है जब देश की बड़ी आबादी की भावनाओं और स्वास्थ के मुद्दे को सर्वोपरि रखकर हम सभी विचार करेंगे।



## सप्ताह के सितारे (16 सितम्बर 2024)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 2- 5- 8 - 0 | 25-52-28-82-58-85 |
| मंगल | 1- 3 - 7 - 8 | 37-73-38-83-78-87 |
| बुध | 2 - 4 - 5 - 7 | 24-42-27-72-47-74 |
| गुरू | 1- 4 - 8 - 9 | 48-84-49-94-89-98 |
| शुक्र | 2 - 3 - 4 - 8 | 29-92-34-43-78-87 |
| शनि | 3 - 5 - 6- 0 | 67-76-12-21-09-09 |

अंकों का बादशाह -6 सप्ताह में अचूक 1 - 5 - 7 - 0

सप्ताह का वरदान -9 स्पेशल - 84- 67 -54 -05

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 11 - 15 - 17 - 10 | (6) 61 - 65 - 67- 60 |
| (2) 21 - 25 - 27 - 20 | (7) 71 - 75 - 77 - 70 |
| (3) 31 - 35 - 37 - 30 | (8) 81 - 85 - 87 - 80 |
| (4) 41 - 45 - 47 - 40 | (9) 91 - 95 - 97 - 90 |
| (5) 51 - 55 - 57 - 50 | (10) 01 - 05 - 07 - 00 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 16-99-40-**-33-82 | 67-27-03-**-16 |
| 04-45-24-16-89-28 | 06-71-06-01-39 |
| 28-25-16-12-20-65 | 82-53-80-33-75 |
| 46-85-90-72-72-93 | 05-98-77-68-42 |
| 69-76-12-45-30-14 | 83-84-07-48-04 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# निरीक्षण : बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए मकान की क्षति आकलन के लिए रजक समाज के प्रतिनिधि मंडल ने किया निरीक्षण

## बाढ़ में क्षतिग्रस्त मकान के लिए हर संभव मदद करेगा समाज,एसडीएम और पटवारी से समाज के पदाधिकारी ने की चर्चा सहयोग की मांग









**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हाल ही में हुई बारिश के कारण डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामसराय कला गांव में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राजनांदगांव जिला रजक समाज के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को समाज के लोगो के घर का दौरा किया। रजक समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर के अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल की टीम को जानकारी मिलने पर ग्राम जामसराय कला निवासी अमेरिका निर्मालकर पिता कार्तिक निर्मलकर का घर भारी बारिश के चलते बाढ़ के चपेट में आने से घर की दीवारें क्षतिग्रस्त होने के कारण जीवन यापन करने में बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष डॉ लेखराम निर्मलकर ने क्षतिग्रस्त मकान एवं दीवारों का निरीक्षण करके तुरंत संज्ञान में लेते हुए संबंधित पटवारी से बातचीत कर जल्द ही क्षेत्र का निरीक्षण कर मुआवजा राशि शासन से दिलवाने की बात कही। तत्पश्चात डॉक्टर निर्मलकर ने क्षतिग्रस्त मकान की जानकारी डोंगरगांव एसडीएम को देते हुए कहा कि अमेरिका कार्तिक निर्मलकर को सही ढंग से सहयोग राशि मिल जाए जिससे वह अपने घर को ठीक ढंग से रिपेयर करवा सके। इस दौरान अध्यक्ष डॉ लेखराम निर्मलकर के साथ सचिव रोहित निर्मलकर, कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर, हेम सिंह निर्मलकर उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी।

## महरूम मे दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन



**खुज्जी ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम महरुम में गणेश उत्सव के शुभ अवसर पर दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में लोकप्रिय विधायक श्री भोलाराम साहू जी विधानसभा क्षेत्र खुज्जी ने शामिल होकर भगवान श्रीराम के पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र के सुख, शान्ति, समृद्धि के कामना की । श्री भोला राम साहू जी ने स्वागत के लिए आयोजक ग्राम विकास समिति के सभी पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए, आप सभी पर भगवान श्रीराम की कृपा हमेशा बनी रहे । इस अवसर पर प्रताप धावड़े, सरपंच, ग्राम पंचायत तुर्रेगढ, अशोक सेवता,सरपंच, ईश्वर देवांगन, रूपकला मंडावी, सोहागा बाई साहू, ललिता भेड़िया, किसुन साहू, विदेशी राम साहू, कुशाल सिंह, राजेंद्र भेड़िया, जी .एस.कोसमा प्र.पा., द्वारिका साहू, ललित साहू, रज्जु यादव, रमेश साहू, दशरथ देवांगन, नरसिंग मड़ावी, ओझिंन बाई साहू, चिम्मन चंदेल, गौतम नेताम, गोविंद मंडावी, घना राम, केशव राम, मुकेश, अमरौतिन बाई, सोन कुँवर, लखन साहू, हारी लाल, भान बाई, विमल, श्रवण ठाकुर, सुमीत मंडावी पूर्व सरपंच, सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

## एक सच्चे समाज सेवक काउन्सलर अनिल साहू



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कहा गया है आज का बालक भविष्य का कर्णधार नागरिक होगा। वर्तमान समाज में जहाँ टेलीविजन, मोबाइल जैसी चीजों के पनपने से हमारे देश के युवा ही नहीं हमारे बच्चे भी दिशा से भटक रहे हैं. मोबाइल का नशा इस कदर हावी हो रहा है जिससे अधिकांश बच्चों में कई खामियों नजर आती है। कई बच्चे आक्रामक, क्रोधी, चिडचिडे नजर आते हैं उनके स्वभाव में कई नकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलते है। ऐसे में अनेक शिक्षण संस्थानों में जहाँ हम बच्चों के सुनहरे भविष्य को गढ़ने की बात करते हैं अच्छी शिक्षा अच्छे संस्कारों के साथ वहाँ कई ऐसे बच्चे भी होते हैं जिनका स्वभाव माता-पिता के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी एक चुनौती होता है। ऐसी विषम परिस्थिति में हम काउन्सलर की मदद से हर एक बच्चे में सुधार देखते हैं। ऐसी ही मदद कर रहे हैं हमारे युवा काउन्सलर श्री अनिल साहुजी जिन्होंने अपने भार्गदर्शन से केवल जीवीपी ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी सराहनीय कार्य किया है जो बाल संक्षेपण गृह में ट्रेनर भी हैं जहाँ वे किशोरावस्था के बालक-बालिकाओं को अपना मार्गदर्शन देकर सही जीवन जीने की राह पीडितों को दिखा रहे हैं। आप समर्पित युवा के रूप में बहुत ही कम उम्र में ही देश व समाज के लिए कुछ अच्छा करने की चाह लिए गायत्री मंदीर में 4 वर्षों तक नि:शुल्क इंग्लिश स्पोकन क्लास में अपनी सेवाएँ देकर जरूरत मंदी की मदद करते रहे। वर्तमान में बढ़ते बाल अपराध को कम करने और श्रेष्ठ नागरिक बनाने के उद्देश्य से इस नेक कार्य में जुटे हुए हैं आपके मार्गदर्शन से कई ऐसे बालक-बालिका हैं जिन्हें एक सकारात्मक वातावरण देकर जीने की नई राह आपने दिखाई। बहुत ही साधारण परिवार में जन्म लेकर आपने दीन दु:खी की मदद कर मानवता के पथ को प्रशस्त किया। आपने अपनी शिक्षा दीक्षा अभावों में रहकर दृढ इच्छा शक्ति के बल पर पूर्ण किया।

**उषा झा, राजनांदगांव**

## अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव के हिंदी विभाग में मनाया गया हिन्दी दिवस



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव के हिंदी विभाग में 14 सितंबर को प्राचार्य डॉ.बी.एन.मेश्राम के मार्ग दर्शन तथा हिंदी विभाग के नेतृत्व में हिंदी दिवस मनाया गया ! जैसा की हम सभी जानते हैं विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भारत की राजभाषा हिन्दी है, जो लोगों के भावाभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है जिससे अपने मन के भावों को बेहद सुगमता से एक व्यक्ति अन्य व्यक्ति तक संप्रेषित करता है। 14 सितंबर 1949 को हिन्दी को राजभाषा घोषित करने के पश्चात सन 1953 से 14 सितंबर को प्रति वर्ष हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई, तत्पश्चात प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में हिंदी की महत्ता को रेखांकित करते हुवे बताया की हिंदी भाषा को हमें सम्मान की नजर से देखना चाहिए , जहां तक संभव हो हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिए क्योंकि, हिंदी में दूसरे भाषाओं की अपेक्षा संप्रेषण कौशल ज्यादा सुगम और व्यापक है! महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत,कविता और भाषण प्रस्तुत किए गए, जिसमें हिन्दी भाषा के गौरव के विषय में सबका ध्यान आकर्षित किया गया । हिंदी विभाग से भावेश कुमार साहू,ईश्वरी टेंभुरकर, तथा अमन मेश्राम द्वारा कविता,गीत प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में जनभागीदारी शिक्षक शुभम सिंह बनाफर एवं एकलव्य कुमार ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए ,इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और हिंदी के प्रति अपने प्रेम को साझा किया!

## मोहित साहू ने अजगर सांप को वन उप परिक्षेत्र अधिकारी वन रक्षक गैदाटोला को सौंपा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 112 के ड्राइवर केसर निषाद और पुलिस आरक्षक मोहित साहू ने करीब दस किलो वजन अजगर सांप को वन उप परिक्षेत्र अधिकारी हिरेंद्र नेती वन रक्षक गैदाटोला को सौंपा गया तत्पश्चात् दुर्रेबजारी, दामाबजारी आश्रित वन जंगलों में बोरी में भरकर घने जंगल में छोडा गया है क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस अजगर को छत्तीसगढ़ प्रदेश के वन मैत्री गार्डन भिलाई में भेजने लिए कहा था लेकिन बरसात में लोगों को आज भी कुछ जगहों पर जंगलों से जुड़े हुए कामों के लिए लोगों को खेतों में,या पशुओं को चारा भी खिलाने के लिए लाना ले जाना पड़ता है। जो लोगो के लिए भय बना हुआ है।



## सायबर शिक्षा फॉर सायबर सुरक्षा कार्यक्रम आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विद्यालय, महाविद्यालय एवं समुदाय में किशोर वर्ग एवं युवा वर्ग को सायबर अपराध खतरों एवं इससे सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं उन्मुखीकृत करने के उद्देश्य से स्वेच्छिक समाजिक संसथान सेंट्रल फॉर युथ डेवलेपमेंट एंड एक्टिविटी छत्तीसगढ़ द्वारा क्वीक हील फाउंडेशन के सहयोग से राजनांदगांव के शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में सायबर सुरक्षा के विषय पर उन्मुखीकरण प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 40 विद्यार्थियों का सायबर वार्रियर्स क्लब बनाया गया है। सायबर वार्रियर्स क्लब से सायबर वार्रियर्स के. खुशी तिवारी और चंचल द्वारा वेसलियन इंग्लिश, हिंदी मीडियम स्कूल, महारानी लक्ष्मी बाई कन्या शाला एवं अन्य शासकीय अशासकीय स्कूलो में सायबर शिक्षा फॉर सायबर सुरक्षा कार्यक्रम किया गया। आजकल किशोर वर्ग के बच्चों में इंटरनेट और अन्य सोशल प्लेटफार्मों के प्रति अत्यधिक रुचि बढ़ गई है और यहीं से बच्चे समुचित जानकारी के अभाव में गलत रास्ते पर चले जा रहे हैं। वाट्सअप, इंस्टाग्राम, फेसबुक जैसे सोशल प्लेटफार्म के द्वारा बच्चे गलत कॉन्टेक्ट में आकर ब्लैकमेल एवं ठगी का शिकार हो रहे हैं। साथ ही इंटरनेट और सोशल मीडिया में अत्यधिक लत हो जाने से छात्र अपनी पढ़ाई को कम समय दे रहे हैं इससे छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि प्रभावित हो रही है और समाज का युवा अपने लक्ष्य से भटक रहा है। समाज में ऑनलाइन ठगी के द्वारा बैंक अकाउंट से राशि आहरण की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं। इस तरह सायबर स अपराधीकरण की गिरफ्त से बचने के लिए समुचित जानकारी और सावधानी ही एकमात्र उपाय है। उक्त कार्यक्रम में समस्त स्कूल प्रशासन का पूर्ण सहयोग मिला।

## खुज्जी स्कूल में हिन्दी दिवस समारोह सम्पन्न



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शास.उच्च.माध्य.शाला खुज्जी में 14 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,यूथ एवं ईको क्लब , स्काउट गाइड क्लब तथा छात्र संघ के संयुक्त तत्वाधान में हिन्दी दिवस पर विचार गोष्ठी तथा क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। हिन्दी विषय के व्याख्याता महेश ठाकुर , और अनिल रामटेके ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हिन्दी भाषा की उपयोगिता एवं महत्व पर व्याख्यान दिया। इसी प्रकार सुषमा ऊके, सुमन शुक्ला , कीर्ति शर्मा,अर्जुन कुमार सोनी, मंदीप कौर भाटिया , रैना देवांगन आदि शिक्षकों ने भी हिन्दी भाषा की साहित्यिक गरिमा, महिमा, विश्व साहित्य में हिंदी भाषा का स्थान एवं भाषा के महत्व पर व्याख्यान दिया। प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू ने भी छात्रों को अन्य भाषाओं के कार्य साधक ज्ञान के साथ, साथ हिंदी भाषा के प्रति अधिकाधिक जिज्ञासु होने की बात कही तथा बताया कि हिंदी भाषा बड़ी सरल, सहज, प्रवाहमयी और सरस भाषा है जिससे जुड़ने पर अद्भुत आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है। छात्रों की ओर से छात्रसंघ उपाध्यक्ष लोमेश्वर साहू, छात्रा हिना सिन्हा, करीना चौरे,शिखा यादव, नेहा भंडारी,जिज्ञासा रामटेके, हेमलता साहू, प्रीति साहू आदि ने भी हिन्दी भाषा के गौरव पर अपने व्याख्यान दिए। इसी के दौरान छात्रों में हिन्दी भाषा पर क्विज कॉम्पिटिशन भी कराया गया जिसमे शाला नायक आदित्य रंगारीकु. ऐश्वर्य,प्रियंका साहू , नेहा भंडारी विजेता रहे। पूरे कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन छात्र संघ प्रभारी व्याख्याता रूपेश नागपुरे ने किया। स्काउट गाइड प्रभारी राखी रामटेके और स्काउट गाइड इकाई का कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा।

## ज्ञान मंथन

*1) बस्तर की कौन सी महारानी छत्तीसगढ़ की प्रथम एवं एकमात्र शासिका थी?*
*2) छत्तीसगढ़ की पहली प्लास्टिक सड़क बनाया गई–*
*3) झारखंड राज्य के लोगो में कितने च्जेज् का प्रयोग किया गया है?*
*(क) 3 (ख) 4 (ग) 5*
*4) किस ग्रंथ में उत्तराखंड के लिए च्देवभूमिज् शब्द आया है?(सामवेद / ऋग्वेद)*
*5) भारतीय रोलर किस भारतीय राज्य की राजकीय पक्षी है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) प्रफुल्लकुमारी देवी (2) अंबिकापुर (3) 4
(4) ऋग्वेद (5) आंध्रप्रदेश

# जिले के सभी जनपदों में स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## कलेक्टर डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अर्जुनी में आयोजित स्वच्छता दिवस कार्यक्रम में शामिल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिले के सभी जनपदों में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम के तहत विकासखंड स्तरीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमे एबीस सीएसआर पहल के वालिएंटर द्वारा नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता गीत तथा छात्रों द्वारा स्वच्छता पोस्टर के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम अर्जुनी में आयोजित स्वच्छता दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव के विभिन्न स्थलों की साफ-सफाई की। कलेक्टर ने स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान से जुडने की अपील की। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम तहत वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छाग्राही समूहों एवं सचिवों को सम्मानित किया तथा सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। उन्होंने दुकानदारों को कचरा प्रबंधन एवं उचित निपटान के संबंध में जानकारी दी और सार्वजनिक स्थान में गंदगी करने के लिए गुरुदेव कृषि केंद्र अर्जुनी पर जुर्माना भी लगाया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत दिनेश गांधी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती इंदुमती साहू, श्री रामकुमार गुप्ता, जनपद सदस्य श्री मनीष साहू, श्रीमती निर्मला सिन्हा, श्री मोहनीश साहू, श्री योगेश पटेल, श्री दिनेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



इसी तरह जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत मुरमुंदा में एक दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी गई। साथ ही पेंटिंग एवं मॉडल निर्माण भी किया गया। बच्चों द्वारा रैली निकाला गई तथा ग्राम के मुख्य क्षेत्र की साफ-सफाई भी की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, विकासखंड परियोजना मैनेजर, ग्राम पंचायत मुरमुंदा से सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं समस्त महिला समूह उपस्थित थे। स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत जनपद पंचायत छुरिया के अधीनस्थ ग्राम पंचायत भकुर्रा में स्वच्छाग्राही समूह द्वारा साफ-सफाई की गई एवं उस स्थान पर पौधारोपण भी किया गया। अभियान को सफल बनाए रखने हेतु ग्रामीणों को आस-पास के कचरे की साफ-सफाई करने, स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच लाने, नालियों की साफ-सफाई करने, स्वच्छता शुल्क देने, नारा दीवाल लेखन का संदेश दिया गया। जनपद पंचायत राजनांदगाव ग्राम पंचायत जोरातराई (म) में स्वच्छता तिहार एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों, महिला स्वसहायता समूह तथा



ग्रामीणजन को इको ब्रिक्स बनाने, सूखा एवं गीला कचरा में अंतर उनका समुचित निपटान, माहवारी स्वच्छता, ओडीएफ प्लस मॉडल व घर की साफ-सफाई के संबंध में जानकारी दी गयी। सीईओ जिला पंचायत द्वारा स्वच्छता दीदीयों को पैसा नहीं देने वाले परिवारो के घर डोर टू डोर पहुंचकर स्वच्छता राशि (यूजर चार्ज) देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकालकर गांव की गली-गली में घूमकर स्वच्छता संबधित नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। स्वच्छत्ता ही सेवा कार्यक्रम प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों के साथ प्रत्येक गांव में अक्टूबर तक कैलेंडर अनुसार मनाया जायेगा। जिसमें सभी विभाग की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

# महापौर एवं निगम पदाधिकारियों ने दी ईद-ए-मिलाद-उल-नबी की मुबारकबाद

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने ईद-ए-मिलाद-उल-नबी पर्व के उपलक्ष पर मुस्लिम समुदाय को मुबारकबाद देते हुए सुख -समृद्धि-शांति स्नेह की कामना की है। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म की खुशी को मिलाद-उल-नबी के रूप में मनाते है। मोहम्मद साहब का पूरा जीवन मानवता की सेवा में गुजरा और उन्होंने लोगो को इंसानियत का पाठ पढ़ाया। मोहम्मद साहब के इंसानियत वाले व्यवहार के कारण ही उन्हे रहमत उल आलमीन अर्थात पूरे संसार पर कृपा करने वाला कहा जाता है। मिलाद-उल-नबी की खुशी तभी सार्थक होगी,जब हम हजरत मोहम्मद के संदेशों व उनके आदर्शो का पालन करेंगे। निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, गणेश पवार, श्रीमती दुलारी बाई साहू, राजा तिवारी, अमीन हुद्दा श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, वरिष्ठ सभापति श्री अब्दुल समद खान, कनिष्ट सभापति श्री गामेन्द्र नेताम, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ऋषि शास्त्री,जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे व पार्षदों ने मुस्लिम समुदाय को ईद-ए-मिलाद-उल-नबी की शुभकामनाएं देते हुए ईद-ए-मिलाद-उल-नबी पर्व को अपूर्व उमंग-उल्लास-उत्साह के साथ मनाने की अपील की है।



# स्वच्छता को लेकर नाथूनवा गांव में स्कूली बच्चों ने रैली निकाली

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्वच्छता अभियान को लेकर इस महाअभियान की शुरुआत 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम कर प्रथम दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला नाथूनवागांव के प्रधान पाठक डी.एल सिन्हा,शिक्षक नरेन्द्र कुमार साहू, वीणा सोनी, ग्राम सचिव मंगला नारंग एवं आम ग्रामीण जनों की उपस्थिति में बच्चों के साथ स्वच्छता ही सेवा है रैली निकाली गई द्य जिसमें आम ग्रामीण जनों को ' स्वच्छता ही सेवा है' का महत्व के प्रति जागरूकता लाया गया साथ ही साथ अपने घरों की साफ सफाई व आसपास को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया।



# शिक्षक साकेत गंजीर को भावभीनी विदाई





**जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)।** एक शिक्षक में भविष्य निर्माण की अद्भुत क्षमता होती है अपने शिक्षकीय जीवन में वह अपने छात्रों के स्वर्णिम जीवन निर्माण के साथ साथ राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। शिक्षक की सेवानिवृत्ति औपचारिक होती है एक सभ्य समाज शिक्षकों से अनंतकाल तक सीखता ही रहता है उक्त वक्तव्य विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर. एल. पात्रे ने शिक्षक श्री साकेत कुमार गंजीर प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेंदरकट्टा के विदाई सम्मान समारोह पर कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहू समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ एन. के. साहू ने अपने वक्तव्य में श्री गंजीर के व्यक्तित्व को एक आदर्श शिक्षक के चरित्र से जोड़ते हुए चिंतनशील , उद्यमशील एवं सृजनशील शिक्षक के रूप में रेखांकित किया । एबीईओ सुश्री रश्मि ठाकुर ने श्री गंजीर की सहजता एवं सरलता को उनके जीवन दर्शन का हिस्सा बताया। अपने 40 वर्षों के शिक्षकीय जीवन में श्री साकेत एक आदर्श शिक्षक की भूमिका में रहे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये नित नये नवाचार करना एवं खेल खेल में शिक्षण उनकी शिक्षा का मूलमंत्र रहा है। श्री साकेत के निर्विवाद सहयोगात्मक आचरण को संकुल खुज्जी प्रभारी प्राचार्य गुमानसिंह साहू ने अनुकरणीय बताया। श्री साकेत कुमार गंजीर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेंदरकट्टा से प्रधान पाठक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। श्री साकेत ने अपने उद्बोधन में अपने शिक्षकीय जीवन का सार प्रस्तुत किया एवं उपस्थित शिक्षकों को सफल शिक्षकीय जीवन जीने के सूत्र दिये एवं वृहद् आयोजन के लिए बेंदरकट्टा वासियों का आभार व्यक्त करते हुए सफल शिक्षण में पालकों की भूमिका पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम के संयोजक शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रवींद्र रामटेके ने संकुल के समस्त शिक्षकों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती हरिला साहू, अमर निषाद , पूर्वक सोनटेके , भैया लाल सोनटेके ,संघपाल रामटेके , मुकेश उके एवं विद्यालय के शिक्षकगण श्रीमती दुर्गेश्वरी ठाकुर , श्री वीरेन्द्र पटेल , श्रीमती मंजू खोब्रागढ़े ,ए.के.शर्मा एवं समस्त ग्रामवासियों ने श्री गंजीर को भावी जीवन की शुभकामनाएँ दी ।

# हिंदी सिर्फ भाषा ही नहीं हिंदुस्तान की संस्कृति है : डॉ. चितरंजन कर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के हिंदी विभाग द्वारा 9 सितंबर से 14 सितंबर तक हिंदी सप्ताह आयोजित की गई । जिसका समापन 14 सितंबरए हिंदी दिवस को किया गया। हिंदी दिवस समारोह के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध भाषाविद एवं बहुभाषी डॉण् चितरंजन कर ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी सिर्फ भाषा ही नहीं हिंदुस्तान की संस्कृति है। हमें इस बात का गर्व होना चाहिए कि इसकी सहजता और वैज्ञानिकता के कारण इसका वैश्विक विस्तार तेजी से हो रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि डॉण् हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर मध्य प्रदेश के पूर्व आचार्य डॉण् वीरेंद्र मोहन ने कहा कि हिंदी की उदारता यह है कि वह सर्व समावेशी है। दुनिया की अनेक भाषाओं के शब्द हिंदी में मिलकर उसी के रंग में रंग गई है। प्राचार्य डॉण्अंजना ठाकुर ने बताया की हिंदी विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। हिंदी का इतिहास समृद्धिए वर्तमान सशक्त और भविष्य उत्कर्षगामी है। विभागाध्यक्ष डॉण् शंकर मुनि राय ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। इस समारोह में डॉण् शंकर मुनि राय की व्यंग किताब श्दो मिनट का मौनश् का विमोचन किया गया। मुख्य वक्ता डॉण् चितरंजन कर को डॉण् बलदेव प्रसाद स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। हिंदी भाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महाविद्यालय स्टाफ के जीडी वैष्णवए दीपक परगनिहाए श्रीमती मंजूषा बाजपेयीए केदारनाथ साहूए मुकेश टेंबुरकर और श्रीमती आरती बोरकर को हिंदी सेवा सम्मान प्रदान किया गया।



हिंदी सप्ताह के अंतर्गत सामान्य ज्ञानप्रश्नोत्तरीए काव्य पाठएश्रुति लेखए पोस्टर प्रतियोगिताए समाचार वाचन एवं उद्घोषणा प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। काव्य लेखन प्रतियोगिता के लिए डॉण् सोनल मिश्राए बिंदु डनसेना और किरण जैन को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉण् प्रवीण कुमार साहू एवं आभार अभिव्यक्ति डॉण् बीण् एनण् जागृत ने किया। इस कार्यक्रम में सवा सौ से अधिक छात्र.छात्राओं के साथ छत्तीसगढ़ साहित्य परिषद के अध्यक्ष आत्माराम कोशा अमात्यए ओम प्रकाश अंकुरए रोशन साहूए महेंद्र बघेल मधुए फकीर प्रसाद और रौना जी जैसे अंचल के साहित्यकार उपस्थित थे।

# जुर्माना, विभागीय कार्यवाही सहित पॉच लाख की क्षतिपूर्ति की मॉग वाली याचिका पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब - लवकुमार रामटेके

## छग राज्य सूचना आयोग सहित, जनसूचना अधिकारी नपानि राजनांदगॉव को चार सप्ताह में देना होगा जवाब

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पालिका निगम से सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट अधिवक्ता लव कुमार रामटेके ने जानकारी मांगी थी निगम के जन सूचना अधिकारी ने समय पर जानकारी नहीं दी इसके बाद श्री रामटेके ने प्रथम अपील नगर पालिका आयुक्त राजनांदगांव को की.

आयुक्त के द्वारा विचाराधीन प्रथम अपील में आदेश पारित करते हुए जन सूचना अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह अपीलार्थी को 15 दिवस के भीतर चाही गई जानकारी निशुल्क उपलब्ध कारण किंतु जन सूचना अधिकारी ने उक्त आदेश/निर्देश का पालन नहीं किया. जिससे व्यथित होकर श्री रामटेके ने छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के समक्ष द्वितीय अपील प्रस्तुत की किंतु द्वितीय अपील में विलंब होने के कारण उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष रिट याचिका प्रस्तुत कर प्रकरण की जल्दी सुनवाई करने की मांग की गई जिस पर सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने प्रकरण की तुरंत निराकरण करने की निर्देश दिए. इसके पश्चात राज्य सूचना आयोग ने 3 जुलाई 2024 को सुनवाई करते हुए यह माना कि जन सूचना अधिकारी ने निर्धारित समय पर जानकारी न देकर अधिनियम की धारा 7(1) का उल्लंघन किया है जो प्रमाणित है. साथी राज्य सूचना आयोग ने यह भी निर्देशित किया कि राज्य सूचना आयोग के द्वारा जारी किए गए नोटिस का पालन भी जन सूचना अधिकारी ने नहीं किया है जिसकी जांच करते हुए उनकी दूसरी पाए जाने पर उनके विरुद्ध विभागीय नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जावे. किन्तु श्री रामटेके छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के उक्त आदेश से संतुष्ट होते हुए पुन: सा माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका प्रस्तुत कर जन सूचना अधिकारी प्रथम अपील अधिकारी एवं राज्य सूचना आयोग के विरुद्ध सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 20(1) व 20(2) के तहत कार्रवाई की मांग करते हुए पॉच लाख रूयें की क्षतिपूर्ति हेतु मांग की गई है जिस पर सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ शासन सहित छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग एवं जन सूचना अधिकारी नगर पालिका निगम राजनांदगांव को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है.



## धर्म समाचार....

# क्यों होता है गणपति विर्सजन? जरूर जानें इसके पीछे का कारण और नियम




हिंदू धर्म में भगवान गणेश की पूजा बेहद कल्याणकारी मानी जाती है। ऐसा माना जाता है कि जो बप्पा बप्पा की पूजा विधिपूर्वक करते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। ऐसे में जो लोग अपने जीवन के कष्टों को दूर करना चाहते हैं उन्हें गणेश जी की आराधना जरूर करनी चाहिए। इसके साथ ही उनके लिए कठिन व्रत करना चाहिए। गणेश महोत्सव का पर्व प्रत्येक वर्ष पूर्ण भक्ति के साथ मनाया जाता है। यह पावन उत्सव भगवान गणेश के जन्म का प्रतीक है, जो गणपति विर्सजन के साथ समाप्त होता है। इस दौरान साधक गणेश जी की विभिन्न प्रकार से पूजा करते हैं और उनके लिए कठिन उपवास रखते हैं। ऐसा कहा जाता है कि इसके प्रभाव से व्यक्ति का जीवन भौतिक सुखों से परिपूर्ण हो जाता है। वहीं, गणपति विर्सजन का समय करीब आ रहा है, तो लोगों के मन यह बात चल रही है कि आखिर बप्पा का विर्सजन क्यों किया जाता है? तो आइए जानते हैं।

**क्या है गणपति विर्सजन की वजह?**

पौराणिक कथा और ग्रंथों के अनुसार, जब महर्षि वेदव्यास ने महाभारत को लिपिबद्ध करने के लिए भगवान गणेश का आह्वान किया था, जिसे लिखने से पूर्व बप्पा ने एक शर्त रखी थी कि 'मैं जब लिखना प्रारंभ करूंगा तो कलम को रोकूंगा नहीं, यदि कलम रुक गई तो लिखना बंद कर दूंगा'। इसे वेद व्यास जी ने स्वीकार कर लिया था। इसके पश्चात व्यास जी ने गणेश भगवान को महाभारत सुनाना शुरू किया और गौरी पुत्र बिना रुके उसे लिखने लगे, जब 10 दिन के बाद महाभारत की कथा पूर्ण हुई, तो वेदव्यास जी ने यह देखा कि बप्पा के शरीर का तापमान काफी ज्यादा बढ़ा हुआ है। उन्होंने उनके शरीर के तापमान को कम करने के लिए जल में डुबकी लगवाई। तभी से आज तक गणपित विसर्जन की प्रथा चली आ रही है।



**गणेश विसर्जन नियम**

गणेश विसर्जन से पूर्व भगवान गणेश की विधि अनुसार पूजा करें। इसके बाद उन्हें मोदक और घर पर बनी मिठाई का भोग लगाएं। गणेश जी के वैदिक मंत्रों का जाप कर उनकी आरती करें। इसके बाद किसी पवित्र नदी या अगर किसी वजह से नदी तक जाने में असमर्थ हैं, तो साफ पात्र में शुद्ध पानी भरें। फिर पानी में गंगाजल, फूल, इत्र, मिलाएं और मंत्रों का उच्चारण करें। विघ्नहर्ता के जयकारों के साथ पानी में धीरे-धीरे उन्हें विसर्जित करें। फिर उस पानी को पीपल के वृक्ष के नीचे या गमले में डाल दें। पूजा सामग्रियों को भी विसर्जित कर दें।

## श्रीहरी की कृपा प्राप्ति के लिए है बेहद खास, जानें कैसे करें प्रसन्न

हर महीने पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार साधक 17 सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा व्रत रख सकते हैं। अत: 18 सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा है। पूर्णिमा तिथि पर सच्चे मन से विष्णु स्तुति का पाठ करना बेहद कल्याणकारी माना जाता है। इसका पाठ करने के बाद श्रद्धा अनुसार गरीब लोगों में दान करना चाहिए। भाद्रपद पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा अपनी सभी कलाओं से परिपूर्ण रहता है। इसी वजह से पूर्णिमा के दिन चंद्र देव के संग जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही गंगा स्नान और दान भी किया जाता है। ऐसे में आप भाद्रपद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विष्णु स्तुति के पाठ के द्वारा जीवन में आ रही सभी तरह की परेशानियों को दूर कर सकते हैं। मान्यता है कि विष्णु स्तुति का पाठ करने से साधक को सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होती है। पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि 17 सितंबर को सुबह 11 बजकर 44 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन यानी 18 सितंबर को सुबह 08 बजकर 04 मिनट पर तिथि समाप्त होगी। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 17 सितंबर को पूर्णिमा व्रत रखा जाएगा। वहीं, 18 सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा मनाई जाएगी।



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा शहर की मनोहारी गणेश प्रतिमाएं एवं झांकियों का किया गया दर्शन

## मोटर साइकिल में शहर के सभी गणेश पंडालों में पहुंचे सांसद संतोष पाण्डेय










**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय जी का शनिवार को राजनांदगांव शहर का दौरा कार्यक्रम रहा। इस दौरान श्री पांडेय ने संस्कारधानी नगरी की ऐतिहासिक एवं गौरवशाली गणेशोत्सव परम्परा का अंग बनते हुए शहर के आकर्षक पंडालों में विराजे एक से बढ़ कर एक मनोहारी गणेश प्रतिमाएं व स्थल सजावट झांकियों का मोटर साइकिल में घूम कर दर्शन किया और भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना में शामिल होकर ऋद्धि-सिद्धी प्रदाता भगवान गणेश से शहरवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गणेश उत्सव का इतिहास बहुत पुराना है. छत्तीसगढ़ में गणेश पूजा परंपरा से सामाजिक चेतना का विकास हुआ और राष्ट्रीय आंदोलन को गति मिली. खास तौर पर छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में गणेश प्रतिमा स्थापित करने और इसे धूमधाम से मनाने की परंपरा शुरू हुई. राजनांदगांव जिला छत्तीसगढ़ में झांकी और हॉकी के लिए बहुत प्रसिद्ध है। उन्होंने भगवान श्री गणेश जी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ वाशियो के लिए सुख समृद्धि की कामना की हैं। इस दौरान गणेशोत्सव समितियों द्वारा सांसद संतोष पाण्डेय का फूल माला पहना कर व गुलदस्ता प्रदान कर आत्मीय स्वागत किया गया।इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख,भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा ,भाजयुमो प्रदेश मंत्री आलोक श्रोती,सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन,शिव वर्मा, राजा माखीजा,बलवंत साहू,विजय जैन,राजेश यादव,राहुल मिश्रा,हिमांशु सोनवानी,अंशुल कसार,सत्यम मिश्रा,जय प्रकाश साहू,प्रिंस हाथीबेड,आशुतोष सिंह,दिग्विजय मिश्रा,रवि साहू,अरुण साहू,अर्जुन राजपुरोहित,जैकी सोनकर, दादू शर्मा,भैरव यादव, रोहित माखीजा, आर्यन साहू,जवाहर बेद,यश पारख़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी सांसद जी के साथ उपस्थित रहे।

# जंगल की वादियों में बसा वनांचल ग्राम बिजेपार के दो शिक्षक हुए सम्मानित

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक शाला बिजेपार (जोब) की सहायक शिक्षक फागवा राम सिन्हा को शिक्षक दिवस के अवसर पर गोविन्दराम निर्मलकर आडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान , नवाचार, कला संस्कृति,खेलकूद ,समाज सेवा,जनजागरूकता एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों की सफलता हासिल करने के लिए शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वही दूसरी ओर शाला के प्रधान पाठक श्री गिरधारी राम सहारे को प्रकृति विज्ञान शिक्षण यात्रा संस्था ( ज्ञान गुड़ी भवन जगदलपुर )की ओर से राज्य के समस्त जिलों से उत्कृष्ट कार्य कर रहें शिक्षकों को राज्य अलंकरण 2024 सम्मान साक्षरता दिवस पर शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जगदलपुर में दिया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, प्रकृति संरक्षण, विज्ञान प्रचार- प्रसार, स्वच्छता, स्वास्थ्य, कला संस्कृति, समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण, रूढ़िवादी, अंधविश्वास, जनजागरूकता, के क्षेत्र में




उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने वाले शिक्षकों को शामिल किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरधारी राम सहारे प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बिजेपार को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी गतिविधि को शामिल कर उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर बच्चों के भविष्य संवारने हेतु शिक्षा रत्न सम्मान से नवाजा गया। शिक्षक द्वारा 16 वर्षों से वनांचल क्षेत्र शासकीय प्राथमिक शाला बिजेपार में अपनी सेवा देकर राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है ।इस उपलब्धि के लिए बीईओ प्रशांत कुमार चिर्वतकर,, ए बीईओ ए. के. ठाकुर, बीआरसी पी.डी.साहू, सीएसी व्ही.आर . पटेल, संकुल प्राचार्य श्री एल. सी.साहू,, जगेश्वर साहू, खुमान साहू, प्रमोद साहू, मनोज रावटे, राजेश नेताम, मानेन्द सिन्हा, विरेंद्र साहू, एवं समस्त शिक्षक मित्रगण, देवेंद्र पाल पटेल, चिन्ता राम सेवता, हरिप्रसाद सिन्हा (सचिव), टीकू रजक, मालिक निर्मलकर, सरोज पाल, देशराम तितराम ( अध्यक्ष) शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, हेमसिंह निर्मलकर (सरपंच), पालकगण आदि ने शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की है।

## महामाया चौक में आज संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जय श्री महाकाल समिति, बसंतपुर के तत्वधान पर बसंतपुर महामाया चौक पर दिनांक 16 सितंबर 2024, दिन-सोमवार को संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह भक्ति गीतों का कार्यक्रम जिसमें अर्पित जी ओडिसा, शुभम जी ओडिसा, किरण जी रायपुर, चेतन साथ में हेमांक साहू राजनांदगांव से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। समिति के सदस्यों ने सभी नगरवासियों व श्रोतागण को संध्या 8 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर युवा कलाकारों का उत्ससाहवर्धन करने की अपील की है।




## लीलाधर साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन कार्यकारिणी के सदस्य बने

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं समीपस्थ ग्राम मलपुरी के किसान लीलाधर साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि गत 11 सितंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय सिविल लाइन रायपुर में आयोजित संगठन की वार्षिक आमसभा व चुनाव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके साथ ही उपाध्यक्ष, महासचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, सलाहकार आदि पदों पर निर्वाचन हुआ। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों का भी चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें लीलाधर साहू को लिया गया है। संगठन के चुनाव में टूर्नामेंट कमेटी और टेक्नीकल कमेटी भी बनाई गई है।



## नशे में धुत्त ड्राइवर ने घर के बाउंड्रीवाल में घुसाई गाड़ी

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नशे में धुत्त ड्राइवर ने गाडी मोड़ते समय नाली और घर के बाउंड्रीवाल में घूसा दिए जाने से प्रार्थी के नुकसान का मामला सामने आया है। धर्मनगरी के फ्लाई ओव्हरब्रिज के नीचे पर 15 सितम्बर के लगभग 5.30 बजे एक अनियन्त्रित गाड़ी नाले में घुसते हैं दीवाल को तोड़ दिया गया है। वहीं प्रार्थी कबीर जीवा ने इसकी शिकायत पुलिस थाने में करते बताया गया कि 15/9/2024 को, समय लगभग 5:30-6:00 बजे एक नशे में धुत ड्राइवर ने मेरे घर बाउंड्रीवाल में अपना ट्रक चढ़ा दिया। इस घटना के कारण मेरी संपति को नुकसान हुआ है। ट्रक का नंबर MH40CD7979 है और ड्राइवर का नाम श्याम लाल (बन्टी) है।



**इसके पूर्व भी हो चुकी है घटनाएं** -अनियन्त्रित होकर नाली में घुसना व किसी का गेट तो किसी का बाउंड्रीवाल तोड़ने का पहला मामला नहीं है। बताया जाता है कि इसके पूर्व भी श्री जीवा के घर की बाउंड्रीवाल तीसरी बार टूटी है तो वहीं लाल निवास के सामने के गेट व जालीतार कई बार टूट गए जिसकी शिकायत प्रार्थी भवानी बहादुरसिंग ने की थी परंतु ट्रक ड्राइवर और मालिक के ऊपर किसी प्रकार कार्यवाही नहीं की गई और ट्रक वाले अवैध पार्किंग बनाते हुए अपनी गाड़ियों को इसी स्थान से गाड़ी घुमा घुसा कर परेशानियां पैदा करते है।

## तहसील साहू समाज के तीज महोत्सव में पहुँची विधायक हर्षिता बघेल



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर साहू संघ डोंगरगढ़ के तत्वावधान में तहसील एवं नगर के महिला पदाधिकारियों ने तीज महोत्सव कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमे महिलाओं ने खेलकूद एवं गीत संगीत में बढ़चढ़ हिस्सा लिये। इस कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित मुख्यातिथि के रूप में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल थी जिन्होंने समाज की महिलाओ को तीज महोत्सव पर्व की बधाई देते माताओ बहनो का आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर समाज की सम्मानीय श्रीमती नीरा साहू सोभा साहू सरसती साहू जिला साहू संघ राजनांदगांव,सहसचिव नगर साहू संघ राज.श्रीमती गुलाब साहू, रुमीना साहू, हीरा साहू, सुजाता साहू तहसील साहू संघ डोंगरगढ़,नगर साहू संघ श्रीमती ऐनु साहू, पूर्णिमा साहू, लक्ष्मी साहू, हेमीन साहू अहिल्या, अनुसुइया साहू, प्रमिला साहू, लता साहू, भारती साहू एवं तहसील व नगर के सभी पदाधिकारियों ने उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## संस्कारधानी के कई गणेश पंडाल में सम्मानित हुए नीरज कन्नौजे

### शहर कांग्रेस के दक्षिण ब्लाक महामंत्री ने की नागरिकों के सुख समृद्धि की कामना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं शहर कांग्रेस के दक्षिण ब्लाक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने शनिवार रात अनेक मंडलों /समितियों के गणेश पंडाल में पहुंचकर दर्शन पूजन किए। इसी के साथ उन्होंने समस्त नागरिकों के सुख समृद्धि की कामना की इस अवसर पर समितियों एवं मंडलों के सदस्य पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया साथ ही शहर की समस्याओं एवं विकास के विषय में दलगत राजनीति से परे होकर चर्चा की। श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम जनता कॉलोनी लखोली वार्ड क्रमांक 31 जनता कालोनी में गणेश जी की आरती में शामिल होने के दौरान समिति के पदाधिकारी गण व संरक्षक पार्षद गप्पू सोनकर अध्यक्ष संजय सरोदे व अन्य सदस्यों ने उन्हें मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इसी तरह चिखली और शांति नगर सहित और भी शहर के गणपति पंडाल में नीरज कन्नौजे का आत्मीय और भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सहदेव साहू, जावेद भाई, पारस गुप्ता, अमन भाई, सुरेंद्र मंडावी, निर्मल साहू आदि उपस्थित थे।



# अवैध महुआ देशी दारू के साथ दो आरोपी पकड़े गए

## अवैध शराब बिक्री पर बोरतलाव पुलिस की कार्यवाही, 12 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित देशी महुआ शराब अवैध रूप से परिवहन करते 02 आरोपी गिरफ्तार

**आरोपीगण के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया**

**आगे भी अवैध शराब परिवहन व बिक्री पर जारी रहेगी कार्यवाही**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** बोरतलाव पुलिस को अवैध महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग , अति0 पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोगरगढ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में बोरतलाव पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री , जुआ , सट्टा पर अंकुश लगाने व कडी कार्यवाही करने के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी बोरतलाव निरीक्षक मिलन सिंह द्वारा थाना बोरतलाव के स्टाफके द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री पर रोक लगाने हेतु मुहीम छेडी गई है । इसी कडी में 14 सितम्बर 2024 को अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन कर ले जाने की सूचना पाकर बोरतलाव ड्डछिन्दीजोब तिराहा चौक पर रूष्टक्क लगाकर आरोपी (1) सुनील शेन्डे पिता स्व0 फागूलाल शेन्डे उम्र 35 साल निवासी वार्ड नंबर 07, थाना बोरतलाव व रतन प्रकाश नेताम पिता इंद्रलाल नेताम उम्र 30 साल निवासी बोरतलाव वार्ड नंबर 09, थाना बोरतलाव, जिला राजनांदगांव को बिरे पुलिया मेन रोड किनारे कच्चा रास्ता ग्राम बोरतलाव के पास हाथ भट्टी से निर्मित देशी महुआ शराब को बिक्री हेतु परिवहन कर ले जाते पकडे गए है ।आरोपीगण के कब्जे से 12 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित देशी महुआ शराब किमती 3200 रूपये, 01 नग नारजो कंपनी का मोबाईल किमती 3000 रूपये व 01 हीरो होण्डा क्रमांक छ्त्र 08 ⁄ श्व 9549 पुराना इस्तेमाली किमती करीबन 10,000 रूपये जुमला किमती 16,200 रूपये जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया गया । अवैध रूप से शराब बिक्री पर आगे भी कार्यवाही की जायेंगी ।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com